# सैनिकों के लिए हुआ कार्यक्रम



**निसबड में आयोजित सत्र में हिस्सा लेते सैनिक।** स्रोत : संवाद

**नोएडा (संवाद)।** सेक्टर-62 स्थित राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) में शुक्रवार को भारतीय सेना के जवानों के लिए विशेष सत्र होगा। जहां डीजीआर के सहयोग से इस वर्ष सेवानिवृत होने वाले सैनिकों को आम जनमानस के बीच ढलने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सीनियर कंसल्टेंट निधि ठाकुर ने बताया कि सेवानिवृत्ति के बाद आम जनमानस के बीच रहना और उद्यम शुरू करना काफी कठिन है। इसी दुविधा को दूर करने के लिए विशेष सत्र होगा। बृहस्पतिवार को भी एक सत्र हुआ। इस दौरान करीब 20 जवान मौजूद रहे।